domestic production? In that case, neither you will have any outgo of forein exchange nor burden of heavy cost on our exchequer. आप डोमेस्टिक प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए क्या उपाय कर रहे हैं?

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान** : सभापति जी, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं उस पर सैद्धांतिक तरीके से सहमत हूं, यह चिंताजनक विषय है। पिछले तीन आर्थिक वर्षों में जो निजी उत्पादन होना चाहिए था, हमारी जो flagship companies हैं- ONGC and Oil India, इन दोनों का उत्पादन घट रहा है। नई सरकार आने के बाद हमने इस पर जोर दिया है। निजी उत्पादन बढ़े, इसके लिए हमने प्रति माह मोनिटरिंग शुरू की है। निजी उत्पादन बढ़ाना और यह निर्भरता इसका उत्तर हो सकते हैं। मैं इससे सहमत हूं और हमने इस पर काम शुरू किया है। हमें विश्वास है कि पिछले कुप्रबंधन के कारण जो नेगेटिविटी बनी है, उसको हम इस आर्थिक वर्ष में सुधारेंगे।

**Setting up of new RVTI**

*223.SHRIMATI KANIMOZHI: Will the Minister of LABOUR AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether Government has approved setting up of a new Regional Vocational Training Institute (RVTI) for Women in Tamil Nadu;

(b) if so, the details of location where the RVTI would be set up; and

(c) by when the RVTI would be functional?

THE MINISTER OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI NARENDRA SINGH TOMAR): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

(a) Yes Sir, the Government has approved eight new Regional Vocational Training Institutes (RVTIs) in the country including one in Tamil Nadu.

(b) The State Government has identified Industrial Training Institute (ITI) campus at Tiruchirappalli for setting up the said RVTI.

(c) It would be possible to make the institute functional in twenty four months after the land is transferred to Central Government by the State Government.

SHRIMATI KANIMOZHI: Sir, about women vocational courses, I was looking at the website and I saw that the basic courses are mainly dressmaking, hair and skin care, preservation of fruits and vegetables, fashion technology, catering, etc. Most of these courses are connected to beautician training, child care and textile related training.

According to statistics, about what happens to women who come out of these vocational training courses, it is found that there is a big disconnect between the market needs and what they are trained to become. Over 56 per cent of women, as against 20 per cent of men, are unemployed. Will the Government look at other courses including moving away from to traditional courses allotted to women? Will the Government look at other courses which actually benefit the women in finding jobs?

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर** : माननीय सभापति महोदय, हमारी सदस्या बहन ने बहुत अच्छी बात कही है और यह सच है कि रोजगार की दृष्टि से, कार्य की दृष्टि से महिलाओं का प्रतिशत घट रहा है। यह हम सब लोगों के लिए चिंता का विषय है और यह सरकार के संज्ञान में है। व्यावसायिक प्रशिक्षण की दृष्टि से हमने बहुत सारे काम हाथ में लिए हैं, लेकिन अभी इनकी और भी आवश्यकता है। उस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विषयों की दृष्टि से हम लोग और ध्यान केन्द्रित करेंगे, जिससे और महिला उद्यमी तैयार हों और वे आगे बढ़ सकें।...(**व्यवधान**)...

**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** : महिलाएं ज्यादा काम कर रही हैं, तो सरकार को चिंता हो रही है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Let the answer be finished. ...*(Interruptions)*... Let the answer be finished. ...*(Interruptions)*...

**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** : महिलाएं ज्यादा काम रही हैं, तो क्या यह चिंता का विषय है?...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : नहीं, नहीं। बैठ जाइए, प्लीज। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर** : माननीय सभापति महोदय, मैंने यह नहीं कहा, मैंने यह कहा कि बहनों की संख्या काम की दृष्टि से कम हो रही है, यह सरकार के लिए चिंता का विषय है। ये आगे बढ़ें, इस दृष्टि से सरकार पूरा प्रयत्न करेगी।...(**व्यवधान**)...आर.वी.टी.आईज. के माध्यम से देश में जो प्रशिक्षण योजना चल रही है, उसके परिणाम ठीक आ रहे हैं। यह योजना और भी आगे बढ़े, इस दृष्टि से और आर.वी.टी.आईज. आगे खोलने का प्रावधान किया गया है, जिस पर काम चल रहा है। सरकार महिलाओं को प्रशिक्षित करने की दृष्टि से पूरी तरह चिंतित है। इस दृष्टि से जरूर हम विचार करेंगे।

SHRIMATI KANIMOZHI: Sir, I would like a little more detailed reply to my first supplementary because I want to know whether they are planning to bring in more courses than what is already there.

Sir, my second supplementary is, in the courses on stenography and secretarial practice, stenography is in Hindi, and secretarial practice is in English. The advance course on secretarial practice is again in Hindi and English alone. Sir, in States like Tamil

Nadu and others where regional languages are spoken, Hindi and English can alone not help the women to find better job market. Will regional languages also be taken into consideration for giving training in those languages?

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर** : माननीय सभापति जी, जो विषय अभी विद्यमान हैं, उनमें मुख्य रूप से जो लोकप्रिय विषय हैं, मैं उनका उल्लेख करना चाहूंगा, बाकी बहन जी चाहेंगी, तो माननीय सदस्या को पूरी सूची उपलब्ध करा दूंगा, सूची मेरे पास है। इसमें इलेक्ट्रोनिक्स, मैकेनिक्स, कंप्युटर ऑपरेटर्स, प्रोग्राम सहायक, सचिवालय पद्धति, ड्रेस बनाना, आदि हैं, जिनकी एक तरह से डिमांड ज्यादा है। यह सच है कि तमिलनाडु जैसे क्षेत्रों में निश्चित रूप से भाषा की दृष्टि से तकलीफ है। इस दृष्टि से जरूर हम विचार करेंगे।

MR. CHAIRMAN: The question is Tamil Nadu-focussed. Supplementaries on this can be asked; Tamil Nadu-focussed supplementaries. Shri Parvez Hashmi, Tamil Nadu-focussed supplementary. The question is Tamil Nadu focused.

**श्री परवेज़ हाशमी** : सर, इसके जो 8 सेंटर्स, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से उनके बारे में जानना चाहता हूं।

**श्री सभापति** : आप सवाल पढ़िए।

**श्री परवेज़ हाशमी** : सर, उसमें यह दिया गया है कि सरकार 8 नए सेंटर्स खोलने जा रही है। just want to Know वे कौन से प्लेसेज़ हैं, जहां 8 नए सेंटर्स खुलने जा रहे हैं, वे कब तक खुलेंगे और कब तक ऑपरेशनल होंगे? सर, आप इसका सेकंड पैराग्राफ देखिए। It says, 'The Government is going to open eigtht new RVTI.'

**श्री सभापति** : आप सवाल पढ़िए प्लीज़। Please read the question. It is Tamil Nadu focussed.

**श्री परवेज़ हाशमी** : सर, आन्सर में दिया हुआ है कि 8 नए आर.वी.टी.आईज. खोले जाएंगे। I am asking, where and when.

MR. CHAIRMAN : All right. ...*(Interruptions)*... पूछिए just one minute

**श्री तरुण विजय** : सभापति जी, हमें भी प्रश्न पूछने दीजिए।

MR. CHAIRMAN: Stop agitating. Questions are rotated around the House. I do not like this attitude of everybody agitating. There is no way by which everybody can ask a supplementary on every question. Mr. Minister, please go ahead.

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर** : माननीय सभापति जी, 28 फरवरी 2014 को 8 नए आर.वी.टी.आईज. खोलने का निर्णय हुआ है, जिनमें एक तमिलनाडु में है, एक पंजाब में है, एक

हिमाचल प्रदेश में है, एक त्रिपुरा, एक बिहार, एक गोवा, एक उत्तराखंड और एक जम्मू-कश्मीर में है। ये 2017 तक कार्यशील हो जाएं, सामान्यतः यह लक्ष्य है और जिन स्थानों का अनुमोदन किया गया है, उन स्थानों पर भूमि इत्यादि ली जाए, उसकी प्रक्रिया राज्य शासन के साथ चल रही है।

SHRI ANIL DESAI: Sir, in fact, my question is more of a suggestive nature. The new Regional Vocational Training Institutes are coming up. In addition to what hon. Member Kanimozhi has asked the Minister, I would iike to inform the Minister, through you, that there was a better vocational training which was imparted in the State of Maharashtra through CBSE Institutes in the field of General Insurance, Life Insurance, etc. Unfortunately, that has been discontinued. But if you happen to see the outcome of those courses, a lot of employment was generated which really helped the middle-class students. If the hon. Minister tries to inculcate or imbibe it and give more impetus to this kind of courses, it will really help through the Regional Vocational Institutes which are coming up in eight centres in India. Sir, through you, I would like the Minister to throw some light on this.

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर** : माननीय सभापति महोदय, वोकेशनल ट्रेनिंग के अनेक कार्यक्रम अनेक विभागों द्वारा संचालित हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी की दृढ़ इच्छा है, जो इस बात की परिचायक है कि देश में स्किल डेवलपमेंट हो, इस दृष्टि से तेजी से प्रयत्न किए जाएं। श्रम और रोजगार विभाग की दृष्टि से, चाहे महिलाओं की ट्रेनिंग का सवाल हो, चाहे अन्य छात्रों की ट्रेनिंग का सवाल हो, उनकी स्किल डेवलप्ड हो, वे कुशल बनें इस दृष्टि से से सभी कोर्सों और पाठ्यक्रमों के बारे में विचार हुआ है। जहां तब्दीली की आवश्यकता है, वहां तब्दीली करने का प्रयास भी किया गया है। सभी जगहों से इनपुट्स मंगाए गए हैं और जितना सुधार किया जा सकता है, वह करने का प्रयास सरकार कर रही है, जिससे ट्रेनिंग की गुणवत्ता बढ़े और लोग आगे आकर काम में लगें।

DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN: Actually I would like to request the hon. Minister that there is a heavy demand in Tamil Nadu for having web based usage in Tamil which is likely to give a great opportunity for employment. Therefore, I would like to know whether the Ministry will take into consideration the inclusion of Tamil-based web training in syllabus along with stenography.

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर** : माननीय सभापति जी, मैंने पूर्व में ही कहा कि निश्चित रूप से तमिलनाडु जैसे राज्यों में तकलीफ होगी। मैं सिद्धाततः इससे सहमत हूं, लेकिन इस दृष्टि से विभाग में विचार किया जाएगा।